एक नजर में

15 लाख की अनुदान राशि पाने का अवसर

उज्जैन। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य विकसित भारत-2047 के निर्माण में देश के नवप्रवर्तकों के योगदान को बढ़ावा देने के लिए इनोवेटिव स्कीम के अंतर्गत इन्क्यूबेशन में एमएसएमई आइडिया हैकथॉन 5.0 प्रतिशत का आयोजन किया जा रहा है। इस हैकथॉन में भाग लेने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2025 है। एमएसएमई मंत्रालय से ही अनुमोदित एमआईटी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल प्रभारी प्रो. मनीष बर्वे और आईआईसी सह-संयोजक प्रो. मोहित पंत ने बताया एमएसएमई के पोर्टल पर जाकर क्षेत्र के विद्यार्थी, इनोवेटर एवं उद्यमी (आयु वर्ग -18 से 60 वर्ष)आनलाईन रजिस्ट्रेशन करके महाकाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, उज्जैन का होस्ट इंस्टीट्यूट चुनाव करते हुए अपना इनोवेटिव आइडिया सबमिट कर सकते है। इस स्कीम के तहत चयनित हुए प्रत्येक आइडिया को अधिकतम रुपए 15 लाख की वित्तीय सहायता प्रोटोटाइप डेवलप करने हेतु एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से दी जाती है। बता दें कि एमआईटी इनक्यूबेशन सेंटर विगत पांच वर्षों से एक सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और यह मध्य प्रदेश का एकमात्र ऐसा निजी केंद्र है, जिसके आइडियाज पिछले चार वर्षों से लगातार एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन में चयनित हो रहे हैं।

नई पहल नई सोच ने दी भावपूर्ण विदाई

उज्जैन। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूई तहसील घटि्टया से सेवानिवृत होने पर प्राचार्य कमर अली सर का नई पहल नई सोच सामाजिक संगठन द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सैयद आबिद अली मीर ने कहा कि 40 वर्षों तक आपने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बहुत ही अच्छे से कार्य किया। आज आपके पढ़ाये हुए बच्चे बड़े-बड़े पदों पर हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आपको हमेशा याद किया जाएगा। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष शाहिद हाशमी ने बताया कमल अली सर ने शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में भी बहुत काम किया है। नई पहल में आप सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में हमेशा आगे रहकर समाज के लिए कुछ ना कुछ करते रहते हैं। इस अवसर पर नई पहल के शकेब बख्तर कुरैशी, डॉ. गुलरेज बबन, एडवोकेट इसराइल खान मंसूरी, बादशाह भाई, जुल्फे अली जाफरी, रब्बानी लाल, रजा खान, सैयद शाहनवाज अली, सैयद उबेद अली, बरकत शेख आदि ने माला शाल श्रीफल पहनाकर सम्मान भी किया।

शिक्षक राजेश शर्मा का भोपाल में सम्मान

उज्जैन। गणित में सर्वोच्च (प्रदर्शन सूचकांक) के साथ दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं में सो प्रतिशत उत्तीर्ण परिणाम प्राप्त करने के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल संभाग द्वारा वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन में क्षेत्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राजेश शर्मा यहां केंद्रीय विद्यालय में पदस्थ है। शर्मा के उपलब्धि पर उनके मित्रों ने तथा स्टाफ के लोगों ने बधाई दी।

चोरी करने घर में घुसे बदमाश को पीटा

उज्जैन। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम सलवा में रहने वाले अनिकेत पिता भैरूलाल यादव के घर में रात डेढ़ बजे ग्राम का हिस्ट्रीशिटर बदमाश मुकेश माली चोरी की नीयत से 2 साथियों के साथ घुस गया था। परिवार नींद से जाग गया, बदमाश को पकड़ लिया गया, लेकिन उसके साथी भाग निकले। परिवार ने बदमाश को बुरी तरह पीटा, जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिवार को मुकेश के घायल होने का पता चला तो वह उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। इस बीच अनिकेत ने बदमाश के घर में घुसकर चोरी का प्रयास करने की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज करा दी। पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि अनिकेत के परिवार ने बदमाश को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया है। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर उसके साथ मारपीट करने वाले परिवार के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि घायल मुकेश के खिलाफ चोरी के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। लेकिन वह मारपीट में बुरी तरह घायल हुआ है, इसलिये उसकी ओर से भी प्रकरण दर्ज किया गया है।

गौरवांवित कर रहे युवाओं को सिन्धू युवा अवार्ड

उज्जैन। सिन्धी युवाओं में अपनी भाषा व संस्कृति के प्रति गौरव का भाव जगाने के उद्देश्य से सिन्धू प्रवाह अकादमी द्वारा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली एवं सिन्धू जागृत समाज के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम हां मां सिंधी आह्वां के अंतर्गत समाज के ऐसे प्रतिभाशाली सिंधी युवा जो कला, संस्कृति, खेल, प्रशासन, विज्ञान एवं समाज सेवा आदि क्षेत्रों में राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर समाज को गौरवांवित कर रहे हैं अकादमी ऐसे युवाओं को सिन्धू युवा अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित कर रही है। सिन्धू प्रवाह अकादमी के अध्यक्ष कुमार किशन ने बताया कि अकादमी प्रतिभाशाली युवाओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर उनके हाथों दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। साथ ही चयनित युवा कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबंधन करेगें तथा विशिष्ट पंक्ति के दर्शक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली इच्छुक युवा व युवतियां अपने विशिष्ट परिचय एवं प्रमाण पत्रों के साथ गुरु गोकुल कला मंडप 8 आशा भवन माधव क्लब रोड पर जमा कर सकते हैं।

12 क्विंटल अमानक पॉलीथिन जब्त की

उज्जैन। आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा निरंतर अमानक स्तर की सिंगल यूज प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग करने वालों से पॉलीथिन जब्त करते हुए जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बढ़े स्तर पर पॉलीथिन के क्रय विक्रय पर भी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को अगर रोड उद्योगपूरी क्षेत्र से 12 क्विंटल अमानक पॉलीथिन को स्वास्थ्य विभाग उपायुक्त संजेश गुप्ता के नेतृत्व में टीम द्वारा दबिश देकर जब्त किया गया। स्वास्थ्य विभाग उपायुक्त संजेश गुप्ता के निर्देशन में शुक्रवार को जोन क्रमांक 05 स्थित गोल्डन ट्रांसपोर्ट से 08 क्विंटल एवं नफिज ट्रेडर्स से 04 क्विंटल पॉलीथिन जब्त की गई। इसी के साथ ही नफीस ट्रेडर्स के संचालक रियाज खान पर 15 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसी के साथ जोन क्रमांक 03 के स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश भाटी द्वारा दौलतगंज क्षेत्र में कमला इंटरप्राइजेज पर 50 किलो से अधिक सिंगल यूज प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर 3000 का जुर्माना लगाया गया। इसी के साथ ही झोन क्षेत्र अन्तर्गत निरीक्षण के दौरान दुकानों में गंदगी पाए जाने पर सर्व संबंधित व्यवसाईयों पर 10 हजार का जुर्माना किया गया। कार्रवाई सतत् जारी रहेगी।

पाइप लाइन में फंसी पेड़ की जड़ को निकाला

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 22 अंतर्गत मोड की धर्मशाला गणगौर दरवाजे से दानी गेट चौराहे तक क्षेत्रीय पार्षद माया राजेश त्रिवेदी एवं रहवासियों द्वारा पानी की शिकायत की समस्या से अवगत कराया गया था। जिसमें संबंधित क्षेत्र में कम दबाव से जलप्रदाय की समस्या बताई गई संबंधित स्थल में पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन को चेक किया गया। उक्त शिकायत के क्रम में उपायुक्त पीएचई योगेंद्र सिंह पटेल के निर्देशानुसार विभाग के उपयंत्री कमलेश कजोरिया द्वारा स्थल पर पहुंचकर पाइप लाइन चौक की संभावना को देखते हुए कर्मचारियों से गड्ढा खुदवाया गया जहां पाइपलाइन में पेड़ की जड़ फंसी हुई पाई गई जिसे निकालकर क्षेत्र में पेयजल सप्लाई का निराकरण किया गया।

कालिदास संस्कृत अकादमी में होगा निषाद राज सम्मेलन, मुख्यमंत्री डॉ. यादव आएंगे

नवभारत की खबर पर लगी मोहर, सीएम का कार्यक्रम 10 को हुआ तय, प्रशासन तैयारी में जुटा, गुरु पूर्णिमा के भी होंगे आयोजन

उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन में गुरु पूर्णिमा पर 10 जुलाई को विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक आयोजनों की रूपरेखा तय की गई है। जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होने के लिए आ रहे हैं। इसके लिए जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से लेकर संभाग आयुक्त संजय गुप्ता ने तैयारीयो का जायजा लिया।

नवभारत ने शुक्रवार को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था जिसमें गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रवास उज्जैन में होने का उल्लेख किया था। जिस पर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने भी मोहर लगाई। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयती सिंह, मत्स्य विभाग के अधिकारी और अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गुरु पूर्णिमा के आयोजन यूं तो विभिन्न मंदिरों देवस्थानों पर होंगे सबसे बड़ा कार्यक्रम महर्षि सांदीपनि आश्रम पर होगा। जहां मुख्यमंत्री प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी जाएंगे। बावजूद इसके विक्रम यूनिवर्सिटी में भी एक आयोजन गुरु पूर्णिमा पर्व पर इसी प्रसंग पर आधारित जोड़ा जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो एक आयोजन गुरु पूर्णिमा का विक्रम यूनिवर्सिटी में भी होगा। यही कारण है कि मुख्यमंत्री विक्रम यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में भी जाएंगे।

एक और कार्यक्रम विक्रम यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा पर आधारित जोड़ा जा रहा है। जिसमें शिक्षकों को सर्टिफिकेट भी वितरण किया जाना है। इसके अलावा पीएम उषा किरण योजना का भी कार्यक्रम जुड़ रहा है। जिसमें 700 करोड रुपए की सौगात पूरे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा दी जाएगी। कई योजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण भी किया जाना है। नवभारत से चर्चा में कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार को भी वीसी होने वाली थी। जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाई है। इसलिए मुख्यमंत्री के प्रवास से संबंधित जानकारी अभी अपडेट नहीं हो पाई है। यदि कोई कार्यक्रम जुड़ेगा तो अवगत कराया जाएगा। हालांकि जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से लेकर संभाग आयुक्त संजय गुप्ता विक्रम यूनिवर्सिटी शुक्रवार को पहुंचे और उन्होंने अवलोकन भी किया है। बावजूद इसके अभी सीएम के कार्यक्रम की स्वीकृति नहीं मिली है। जल्द ही इस पर चर्चा होगी।

कमिश्नर से लेकर कलेक्टर तक ने किया दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल कालिदास संस्कृत अकादमी का संभागायुक्त संजय गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर निवेदिता, कलेक्टर रोशन सिंह ने निरीक्षण किया। जिसमे राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण 2025 कालिदास संस्कृत अकादमी में 10 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। उज्जैन में मुख्यमंत्री का 10 जुलाई को कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण 2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम स्थल का संभागायुक्त संजय गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर मत्स्य महासंघ निधि निवेदिता, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक बैरीकेडिंग, पानी निकासी का व्यवस्थित प्रबंधन,पार्किंग, मंच की व्यवस्था, विद्युत ,प्रकाश और साउंड की व्यवस्था, आने वाले हितग्राहियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जहर खाने से पहले युवक ने बनाया वीडियो

ससुराल वालों को जिम्मेदार बताया, लगाए आरोप

उज्जैन। रात में युवक ने जहर खाने से पहले वीडियो बनाया, जिसमें पत्नी और ससुराल वालों से प्रताड़ित होने के आरोप लगाए गए। युवक को अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू की है।

हीरामिल की चाल में रहने वाले सलमान पिता चांद खा 30 वर्ष को रात में चरक अस्पताल लाया गया था। सलमान ने जहरीला पदार्थ खाया था।

डॉक्टर ने उपचार के लिए भर्ती किया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। उसके पास मोबाइल मिला जिसमें एक वीडियो होना सामने आया। जहर खाने से पहले बनाए गए वीडियो में उसने जीवन से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही है। ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। मौत के बाद उसके बेटे को माता-पिता को देने की बात भी कही है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कहना था कि सलमान टाटा कंपनी की छतरी लगाने का काम करता था उसकी पत्नी शबनम काफी समय से मायके प्रीति नगर में थी और बेटे को भी साथ ले गई थी। सलमान ने घर के समीप खुले मैदान में जहर खाया था। पुलिस के अनुसार मोबाइल की जांच और परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छात्र और युवक ने गले में डाला मौत का फंदा

उज्जैन। रात में छात्र और युवक ने गले में मौत का फंदा डाल दिया। परिजनों ने उन्हें लटका देखा तो नीचे उतारा। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मर्ग कायम किया है। घटनास्थल के कमरे सील कर दिए गए हैं। रात 8 बजे के लगभग चिमनगंज थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी विहार से पवन पिता योगेंद्र व्यास 44 वर्ष को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पवन ने फांसी लगाई थी जिससे उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं देर रात भेरूगढ़ क्षेत्र के ग्राम छितर देवी से देवेंद्र पिता विक्रम आंजना 17 वर्ष को परिजन अस्पताल लेकर आए थे। देवेंद्र ने भी फंदा गले में डाला था। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि देवेंद्र अंजना कक्षा दसवीं का छात्र था उसे सप्लीमेंट्री आई थी हर दिन पहले उसने परीक्षा दी थी लेकिन पेपर फिर बिगड़ गया था जिसके चलते वह तनाव में था। रात में उसने मकान के ऊपरी कमरे में जाकर फांसी लगा ली। चाचा रीना कमरे में पहुंची तो देवेंद्र को लटका देखा। वहीं पवन व्यास के परिजनों ने बताया कि प्राइवेट कलेक्शन का काम करता था कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था रात में कमरे में फांसी लगा ली थी। पुत्र शिखर ने पिता को फंदे पर लटका देखा तो परिजन और आसपास के लोगों को बुलाया। दोनों मामलों में पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर जांच की बात कही है।

जहर खाने वाली युवती की मौत

नागदा से अनामिका उर्फ अनु पिता मधुकर जैन 18 वर्ष को जहर खाने के बाद उपचार के लिए उज्जैन लाया गया था लेकिन उसकी मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि अनामिका ने कक्षा नवी तक पढ़ाई की थी। घर में रखी चूहा मार दवाई उसने गलती से खा ली थी। लेकिन पुलिस को मामले में संदेह है। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार मामले की जांच नागदा पुलिस को सौपी जाएगी

सवारी मार्ग पर दो जर्जर मकानों को किया जमींदोज

उज्जैन। 11 जुलाई से श्रावण माह की शुरुआत हो रही है 14 जुलाई को बाबा महाकाल की पहली सवारी निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है शुक्रवार सुबह सवारी मार्ग पर दो जर्जर मकानों को नगर निगम की टीम द्वारा जमीदोज किया गया। श्रावण भादो माह के प्रत्येक सोमवार को बाबा महाकाल की सवारी धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। जिसको लेकर प्रशासन और पुलिस के साथ नगर निगम सहित अन्य विभागों द्वारा सवारी मार्ग का निरीक्षण किया जा रहा है। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की सुविधा न हो और कोई हादसे की स्थिति ना बने इसको लेकर निगरानी रखी जा रही है। सवारी मार्ग पटनी बाजार स्थित क्षेत्र में दो जर्जर मकानों को नगर निगम भवन निरीक्षक आनंद परमार और रिमूवल गैंग की टीम ने हटाने की कार्रवाई की। भवन निरीक्षक ने बताया कि मकान अमृतलाल बगड़िया और राजेश नीम के नाम पर थे जो जर्जर स्थिति में पहुंच गए थे। वर्षाकाल का समय होने और सवारी मार्ग पर बने होने की वजह से दोनों मकानों के गिरने का खतरा बना हुआ था जिसके चलते पूर्व में मकान मालिकों को नोटिस भी जारी किए गए थे लेकिन उन्होंने मकान हटाने की कार्रवाई नहीं की जिसके चलते नगर निगम द्वारा आमजन की सुरक्षा को देखते हुए जर्जर मकानों को जमीनदोज किया गया है।

कार्तिक मेला क्षेत्र के शेष बचे कार्यों एवं भार्गव मार्ग सब्जी मंडी की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें

उज्जैन। शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा नगर निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में कार्तिक मेला क्षेत्र के शेष बचे हुए कार्य एवं भार्गव मार्ग स्थित सब्जी मंडी के विकास कार्य पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्तिक मेला क्षेत्र अंतर्गत जो निर्माण कार्य शेष बचे हुए हैं उन्हें पूरा करने हेतु क्या रूपरेखा बनाई गई है कार्तिक मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल बनाने, मेला क्षेत्र में प्रवेश हेतु चारों तरफ भव्य गेट निर्माण किए जाने हेतु इसकी डीपीआर बनाई जाकर शीघ्र टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण करें।

इसी के साथ भार्गव मार्ग स्थित सब्जी मंडी जो की काफी पुरानी एवं जीर्ण शीर्ण अवस्था में है इसकी भी डीपीआर शीघ्र प्रस्तुत की जाए। क्षेत्रीय पार्षदों भी सब्जी मंडी के व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए चर्चा करें कि सब्जी मंडी निर्माण के पश्चात इसके लागत मूल्य पर दिए जाने हेतु किस प्रकार निर्णय किया जाएगा सभी व्यापारियों की आपसी सहमति के आधार पर ही निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, जोन अध्यक्ष विजय कुशवाहा, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, अपर आयुक्त वित्त श्री पुनीत शुक्ला, उपायुक्त मनोज मौर्य, कार्यपालन यंत्री पीसी यादव, जोनल अधिकारी डीएस परिहार, राजकुमार राठौर, उपयंत्री प्रवीण वाडिया, आनंद परमार उपस्थित रहे।

गुरुग्राम में निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मिलित हुई निगम अध्यक्ष

उज्जैन। भारतीय संसद नई दिल्ली एवं हरियाणा विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में उज्जैन से निगम अध्यक्ष कलावती यादव सम्मिलित हुई। सम्मेलन का शुभारंभ गुरुवार 3 जुलाई को गुरुग्राम में हुआ जिसके शुभारंभ सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री नायब सिंह, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद कल्याण, विपुल गोयल शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा सरकार ओर अन्य मंत्रीगण उपस्थित रहे।

उक्त शुभारंभ सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संबोधन नगरी निकाय में सदन, परिषद की कार्रवाई को राष्ट्रीय उन्नति की सबसे महत्वपूर्ण शाखा कहते हुए कहा कि परिषद, सम्मिलन का हर सत्र महत्वपूर्ण होता हैं चाहे वह प्रश्नकाल

हो या शून्य काल, प्रश्न पर चर्चा, सभी निकाय, राज्य, राष्ट्रीय निर्माण के प्रति जिम्मेदारी के प्रतीक हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पांच थीम पर चर्चात्मक समीक्षा हुई जिसमें निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा द्वितीय थीम संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्रनिर्माण में शहर स्थानीय निकायों को भूमिका एवं उप विषय 2 समावेशी विकास और प्रगति के साधन के रूप में शहरी स्थानीय निकाय संवैधानिक जनादेश को पूरा करने के लिए नगर पालिका शासन को अधिक प्रभावी बनाना की अध्यक्षता करते हुए सभाकक्ष में उपस्थित भिन्न राज्यों से सम्मिलित हुए डेलीगेट्स के साथ अपने अनुभव और नगर निगम की सक्सेस स्टोरी से अवगत कराया गया। अध्यक्ष विधानसभा हरियाणा हरविंद कल्याण की ओर से रात्रि सहभोज का कार्यक्रम रखा। जिसमें हरियाणा राज्य के सांस्कृतिक, पारंपरिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह हरियाणा सरकार का स्वागत और कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत कलाकारों ने बंचारी नृत्य प्रस्तुत करते हुए किया। जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह नैनी ने भी इसका आनंद उठाया। कई प्रतिनिधियों ने तो कलाकारों के साथ नृत्य कर इसका आनंद लिया। निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने बताया कि हरियाणवी संस्कृति से भी रूबरू होने का बहुत बेहतर मौका लोकसभा कार्यालय ने दिया है। गुरुग्राम से लेकर मानेसर तक दिल्ली जयपुर हाईवे को सजाया गया एवं होर्डिंग से जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इस दौरान निगम सभापति कलावती यादव ने हरियाणा के विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

श्रावण में... मंदिर समिति जुटी तैयारियों में, 11 जुलाई से शुरू होगा, इस बार चलित भस्मारती के लिए कार्तिक मंडप खाली रखेंगे

श्रावण में बाबा महाकाल सोमवार को रात 2.30 बजे तो रोजाना 3 बजे जागेंगे

नवभारत न्यूज

उज्जैन। श्रावण मास में भगवान महाकाल अधिक से अधिक भक्तों को दर्शन देने के लिए जल्दी जागेंगे। इसके लिए महाकाल की भस्मारती श्रावण के सोमवार को रात 2.30 बजे से की जाएगी तो रोजाना 3 बजे से होगी। आम दिनों में महाकाल की भस्मारती रोज तड़के 4 बजे से 6 बजे तक की जाती है। श्रावण मास में भगवान महाकाल की दिनचर्या में बदलाव किया जाता है।

श्रावण मास में उज्जैन में महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति दर्शन से लेकर सुरक्षा व तमाम इंतजाम कर रही है। श्रावण मास में चार सोमवार आएंगे। इस बार श्रावण लगने के बाद 14 जुलाई को श्रावण मास का पहला सोमवार आ रहा है। मंदिर समिति भस्मारती में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष तैयारी कर रही है। इस बार चलित भस्मारती में श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुलभ व्यवस्था के साथ दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए कार्तिक मंडप को पूरा खाली रखा जाएगा।

इस्कॉन मंदिर भरतपुरी द्वारा वापसी रथ यात्रा शनिवार को निकाली जाएगी। यह कालिदास अकादमी परिसर से शुरू होगी और मंदिर पर समाप्त होगी। रथयात्रा के बीच भगवान श्री जगन्नाथ 7 दिनों तक अपनी मौसी के यहां विश्राम के लिए ठहरते हैं। इसे गुंडिचा कहते हैं। इस दौरान भक्तों के द्वारा उत्सव मनाया जाता है।अब भगवान भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथों में विराजित होकर वापस अपने घर मुख्य मंदिर के लिए जाएंगे। इसके वापसी रथयात्रा कहते हैं। इस्कॉन मंदिर के पीआरओ राघव पंडित दास ने बताया कि यात्रा शाम 4 बजे कालिदास अकादमी से प्रारंभ होकर अपना स्वीट्स, देवास रोड, महाश्वेता रोड स्पोर्ट्स एरिना के सामने से बिरला चौराहा होते हुए इस्कॉन मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। यात्रा में ब?ी संख्या में भक्त जुटेंगे।

पुजारी त्रिवेणी को अमेरिका की संस्था ने दिया होनरेरी प्रोफेसर सम्मान

महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित रमण त्रिवेदी को यूएसए अमेरिका की संस्था ग्रेस लेडीज ग्लोबल एकेडमी ने होनरेरी प्रोफेसर के सम्मान से सम्मानित किया। पंडित गोपाल त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की अध्यक्ष होनरेरी प्रोफेसर डॉ. सोना पांडे ने पंडित त्रिवेदी को उनके द्वारा अब तक समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए

अनेक उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए स्पिरिचुअल गाइडेंस के अंतर्गत एचसी होनरेरी प्रोफेसर का सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान संस्था की ओर से भारत में प्रतिनिधि इंटरनेशनल पेड मैन लीजेंड लीडर एचसी प्रोफेसर डॉ. बीरेन दवे ने उज्जैन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। इस उपलब्धि पर पंडित त्रिवेदी को हरिमोहन बुधौलिया, बीके शर्मा, अमित उपाध्याय, पुजारी दिनेश गुरु, श्रीमती निर्मला त्रिवेदी, उमेश गुरु ने बधाई दी।